**मनमानी** | खुले आसमान के नीचे रखी हैं 7 .38 करोड़ रुपये की धान, रामकथा मैदान ग्राम दमना स्थित खरीदी केंद्र में 614 किसान भुगतान से वंचित

# परिवहन की धीमी रफ्तार ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

**अनूपपुर, नवभारत 30 दिसंबर।** जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य निरंतर जारी है, लेकिन जिले के खरीदी केन्द्र रामकथा मैदान की स्थित देख कर जिले के 34 खरीदी केन्द्रों में परिवहन की धीमी रफ्तार ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है।

धान परिवहन में हो रही देरी और जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये मूल्य की धान खुले आसमान के नीचे पड़ी सड़ने के कगार पर है। जानकारी के अनुसार जिले के सभी 34 धान उपार्जन केन्द्रों में अब तक कुल 897647.534 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन परिवहन की स्थिति में कोई सुधार नही हो पा रहा है। धान खरीदी केन्द्र रामकथा मैदान ग्राम दमना पटनाकला केन्द्र में 865 किसानों से 39398.40 क्विंटल धान खरीदा गया। इसमें से कुल 11180 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है, जबकि



उपार्जन केन्द्र में अब भी 29318.40 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।

### 11180 क्विंटल धान ही परिवहन हो पाया

धान खरीदी केन्द्रस रामकथा मैदान ग्राम दमना पटनाकला में 865 किसानों ने 9 करोड़ 33 लाख 34 हजार 491 रूपये की 39398.40 क्विंटल धान बेची है, लेकिन परिवहन की धीमी गति के कारण 865 किसानों में से मात्र 251 किसानों का 11180 क्विंटल धान ही परिवहन हो सका है, जिसके कारण मात्र 1 करोड़ 95 लाख 22 हजार 458 रूपयें का ही किसानों का भुगतान हो सका है। शेष 614 किसानों द्वारा बेची गई 29318.40 क्विंटल धान का 7 करोड़ 38 लाख 12 हजार 33 रूपयें धान परिवहन नही होने के कारण अटका हुआ है।

### 7 दिनों से एक दाना नहीं हुआ परिवहन

परिवहन की धीमी गति को लेकर प्रभारी नॉन एवं जिला खाद्य अधिकारी अनीता सोरते द्वारा अब तक जिले के धान उपार्जन केन्द्रों से धान के परिवहन नहीं होने तथा इससे केन्द्र प्रभारी सहित किसानों को होने वाली परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। रामकथा मैदान ग्राम दमना पटनाकला में धान का परिवहन नहीं होने के कारण किसानों को भुगतान तक नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसारी 24 दिसम्बर से अब तक इस केन्द्र से एक दाना भी धान का परिवहन नहीं हो सका है।

### प्रशासन ने साधी चुप्पी

जिम्मेदार अधिकारियों का इस मामले पर मौन रहना कई सवाल खड़े करता है। स्थानीय किसानों व ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल ध्यान देने और धान के सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करने की मांग की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो करोड़ों की सरकारी संपत्ति को नुकसान होगा, साथ ही मेहनतकश किसानों का भरोसा भी टूट जाएगा।



# धनगवां में तीन हाथियों का कहर जारी

**धनगवां जंगल में जमाया डेरा, कई घरों व फसलों को नुकसान**

**अनूपपुर, नवभारत 30 दिसंबर।** जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम धनगवां बीट में पिछले 8 दिनों से तीन जंगली हाथियों का दल लगातार डेरा जमाए हुए है। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। रात होते ही ये हाथी जंगल से निकलकर आसपास के टोला-मोहल्लों में पहुंचकर घरों की दीवारें तोड़ रहे हैं, साथ ही खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को अपना आहार बना रहे हैं। रविवार देर रात कुकुरगोंड़ा पंचायत के बेल्हाटोला निवासी रामेश्वर सिंह के घर में घुसकर हाथियों ने तोड़फोड़ की और अंदर रखा अनाज खा लिया। वहीं सोमवार-मंगलवार की रात चोई गांव में विश्वनाथ भरिया और तुला राठौर के खेत में लगी फसल को भी नुकसान पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गोंढाटोला में अचानक दीवार टूटने की आवाज सुनकर लोग नींद से बाहर निकले तो तीनों हाथी फसल चरते दिखाई दिए। शोर मचाने और पटाखे छोड़ने के बावजूद हाथी नहीं डरे।

### ग्रामीणों ने वन विभाग से कार्यवाही की मांग की

वन विभाग की गश्ती टीम लगातार गश्त कर रही है, मगर हाथियों द्वारा मिल रही लगातार चुनौतियों के चलते उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के डर से वे रातभर जागने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से शीघ्र समाधान की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

# पीएम आवास योजना की प्रगति तेज करें : अर्चना

**सीईओ ने निर्माणाधीन आवासों का नियमित फॉलोअप करने के निर्देश**



**अनूपपुर, नवभारत।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के जनमन तथा आवास प्लस योजना के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति को लेकर जिला पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने कहा कि निर्माण कार्यों का लगातार फॉलोअप किया जाए तथा जहां निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तुरंत शुरू कराया जाए। बैठक में परियोजना अधिकारी (आवास) डॉ. उमेश द्विवेदी सहित विकासखंड एवं पंचायत समन्वयक अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ ने कहा कि हितग्राहियों के कार्यस्थल का नियमित निरीक्षण कर निर्माण की अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की जाए और लाभार्थियों को समय पर आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने प्लिंथ लेवल तक के निर्माण में विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी समीक्षा की

सीईओ ने विभिन्न विकासखंडों में आवासों के निर्माण लक्ष्य निर्धारित करते हुए 15 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इनमें जैतहरी में 30 जनमन आवास व 80 आवास प्लस, पुष्पराजगढ़ में 15 जनमन आवास व 200 आवास प्लस, अनूपपुर में 8 जनमन आवास व 20 आवास प्लस, कोतमा में 60 आवास प्लस का लक्ष्य0 दिया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सीईओ ने लंबित शिकायतों का त्वरित तथा संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में सांस्कृतिक रंगों की होगी बौछार

**नवभारत, जबलपुर।** वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के चतुर्थ संस्करण का आयोजन 2,3 एवं 4 जनवरी 2026 को किया जाएगा। जिसके अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने बौद्ध संन्यासी श्रीलंका के उडुगामा सारनाथिसा और लाओस के आचरन सिफान डान ने सहमति दी है। इसके अलावा, श्रीलंका के कलाकार एवं साहित्यकार भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। रामायण प्रदर्शनी में प्रसिद्ध चित्रकार चंद्रगुप्त थेनुवारा की कला वीथिका भी प्रदर्शित की जा रही है। संध्या के सांस्कृतिक आयोजनों की थीम 'भरत' पर आधारित होगी। प्रतिदिन संक्षिप्त कवि सम्मेलन में सुदीप भोला, रामायण दत्त द्विदी (अयोध्या), अभय निर्भीक (यूपी), गजेन्द्र प्रियांशु और आलोक पाठक हिस्सा लेंगे।

# मुआवजा और रोजगार की मांग पर अड़े ग्रामीण

**रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के प्रभावित किसानों ने संपूर्ण खदान की बंद**




**अनूपपुर, नवभारत 30 दिसंबर।** रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के प्रभावित किसानों ने मंगलवार सुबह 11 बजे से संपूर्ण खदान को बंद कर दिया। किसानों का कहना है कि वे लंबे समय से मुआवजा, रोजगार और विस्थापन से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। किसानों ने पहले सड़क पर प्रदर्शन किया और निर्धारित समय तक प्रबंधन से खदान बंद करने की मांग की। जब अंदर की मशीनरी बंद नहीं हुई तो सैकड़ों की संख्या में किसान खदान परिसर में घुस गए और जोरदार विरोध के बाद खदान को पूरी तरह से बंद कराया गया। किसानों का दावा है कि खदान बंद होने से प्रबंधन को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है।

### आरएंडआर सहायता राशि बढ़ाने की मांग

किसानों की मुख्य माँगें में सभी प्रभावित मकानों का पूर्ण मुआवजा एक साथ दिए जाने, लंबित रोजगार फाइलों पर तुरंत नियुक्ति दिए जाने, सेलोसियम पट्टों के बदले पक्के मकान उपलब्ध कराए जाने, आरएंडआर सहायता राशि 3 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जाने, स्थानीय किसानों के छोटे-छोटे विवादों का समाधान धरना स्थल पर ही किए जाने की मांगे रखी। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, खदान बंद रहेगी और आंदोलन जारी रहेगा।

### जनप्रतिनिधि भी आंदोलन में हुए शामिल

आंदोलन का नेतृत्व भूपेश शर्मा, राजकमल मिश्रा, रमेश सिंह, मनमोहन चौधरी सहित अनेक स्थानीय प्रतिनिधियों ने किया। साथ ही रामपुर, बैरिया, बटुरा, अटरिया, खैरबना, बिछिया, चक खमरौद, गीतटोला, मदनीटोला व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सांसद व विधायक प्रतिनिधि, कई सरपंच, उपसरपंच और स्थानीय संगठनों के पदाधिकारी भी आंदोलन स्थल पर मौजूद रहे।

## एक नजर में



### प्रभारी कलेक्टर ने सुनीं 49 आवेदकों की समस्याएं

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने कुल 49 आवेदनों पर सुनवाई की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में कई नागरिकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। जिसमें तहसील अनूपपुर के ग्राम औढ़ेरा निवासी सहदेव यादव ने भूमि के नक्शे में सुधार, कोतमा के ग्राम कोठी निवासी सीता अगरिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम मझटोलिया निवासी शालिक राम केवट ने भूमि का सीमांकन, संजय नगर निवासी उदयभान सिंह ने बीपीएल कार्ड बनवाने की मांग रखी।



### जनसुनवाई से पूर्व संवाद, शिक्षा व खेल को मिला सशक्त आधार

**अनूपपुर, नवभारत।** न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टोरेंट पावर) द्वारा रक्सा-कोलमी क्षेत्र में प्रस्तावित परियोजना के मद्देनज़र कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण जनसुनवाई से पूर्व पारदर्शी संवाद सुनिश्चित करना, स्थानीय लोगों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सहयोग प्रदान करना है। कंपनी के महाप्रबंधक सुशील कांत मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम कोलमी में ग्रामीणों, कृषकों और श्रमिकों के साथ संवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 7 जनवरी को होने वाली पर्यावरण जनसुनवाई की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

### 5 रंगों के डिब्बों में कचरा पृथक-पृथक करने की दी समझाईश

**नवभारत, जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार सोमवार को संभाग क्रमांक 12, पंडित मदन मोहन मालवीय वार्ड के अंतर्गत आने वाले मलिन बस्ती क्षेत्र में कचरा पृथकीकरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार और अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक हर्षा पटेल, सुपरवाइजर नायडू और वासु कोरी की टीम ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। टीम ने सोसाइटी परिसर के प्रत्येक घरों में जाकर नागरिकों से सीधा संवाद किया।

# मां नर्मदा के दर्शन मात्र से प्राप्त होता है पुण्य : बाबा

**31वां अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव**



**अमरकंटक, नवभारत 30 दिसंबर।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली एवं पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम में चल रहे 31वें अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पंचम दिवस पर वीतराग तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज ने मां नर्मदा की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। हावड़ा (कोलकाता) से आए भक्तों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बाबा कल्याण दास महाराज ने कहा कि पतित पावनी, पुण्य सलिला मां नर्मदा जगत जननी हैं, जो सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली तथा मोक्ष प्रदान करने वाली हैं। उन्होंने बताया कि नर्मदा ही एकमात्र ऐसी नदी हैं जिनकी परिक्रमा की जाती है। वर्ष भर भक्त नर्मदा तट पर रहकर नर्मदानाम संकीर्तन के साथ परिक्रमा करते हैं तथा परिक्रमा काल में स्वयं मां नर्मदा भक्तों को दर्शन देती हैं।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का चित्रण प्रस्तुत किया

बाबा ने कहा कि मां गंगा में स्नान का जो पुण्य है, वही पुण्य मां नर्मदा के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है। उन्होंने सभी के जीवन में सुख-शांति, उन्नति और समृद्धि की कामना करते हुए मां नर्मदा एवं भगवान के चरणों में ध्यान बनाए रखने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कथा व्यास पं. राधेश्याम शास्त्री महाराज (वृंदावन) ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी एवं संजीव चित्रण प्रस्तुत किया। उनकी भक्ति-रस से सराबोर कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्यरत रहे तथा गोवर्धन पूजा के साथ आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ।

# श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व 5 को मनाया जाएगा



**अनूपपुर, नवभारत।** श्री गुरु सिंध सभा गुरुद्वारा अनूपपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जनवरी 2026 को दसवें पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें भारी संख्या में संगत के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 10.30 बजे से 11.30 बजे तक महिला मंडल द्वारा शबद-कीर्तन का आयोजन होगा। इसके उपरांत 11.30 बजे से 1.15 बजे तक ज्ञानी प्रीतम सिंह जी घनपुरी वाले जी द्वारा शबद-कीर्तन की अमृतवाणी संगत को सुनाई जाएगी। कीर्तन उपरांत अरदास और कढ़ा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। दोपहर 1.40 बजे से 4 बजे तक गुरु का लंगर प्रारंभ होगा, जिसमें समूची संगत प्रेम और श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण करेगी।

### कंटेंट क्रिएटर्स और प्रभावशाली व्यक्तियों का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** दत्त मंदिर, गोल बाज़ार में आयोजित हां बोलो कार्यक्रम में शहर के लोकप्रिय सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और प्रभावशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जबलपुर अड्डा पेज के मोहित तामिया, समक्ष कोरी, अतुल बर्मन सहित कई युवा मंच पर आए।




# ईपीएफओ ने 7 दिन में किया 91 प्रतिशत दावों का निपटान

**नवभारत, जबलपुर।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त श्री राकेश सहरावत ने पत्रकार वार्ता में ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर की वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियों और नई पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाकौशल क्षेत्र के 19 जिलों में ईपीएफओ जबलपुर द्वारा 27,665 स्थापनाओं, 10.49 लाख सदस्यों और 77,925 पेंशनरों को सेवाएं दी जा रही हैं। सहरावत के अनुसार इस वर्ष अब तक 2,075 नई स्थापनाएं और 13,432 नए सदस्य जुड़े हैं। कुल दावों में से 91.02 प्रतिशत का निपटान 7 दिनों में तथा 65.5 प्रतिशत का निपटान 3 दिनों के भीतर किया गया। मृत्यु दावों में 92 प्रतिशत मामलों का निपटान 3 दिन में हुआ। उन्होंने बताया कि 1.32 लाख से अधिक सदस्यों ने ई-नॉमिनेशन कराया है और 5,670 शिकायतों का औसतन 5 दिनों में समाधान किया गया। 'प्रयास योजना' के तहत 207 पेंशनरों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ प्रदान किए गए। सहरावत ने बताया कि वर्तमान में 98% दावे ऑनलाइन प्राप्त हो रहे हैं। ई-सीआर के माध्यम से अंशदान जमा, यूएएन से आधार व बैंक केवाईसी लिंक, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (उमंग, फेस ऑथेंटिकेशन, बायोमेट्रिक) जैसी सुविधाएं सफलतापूर्वक लागू हैं। प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, कर्मचारी नामांकन योजना 2025 (1 नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक) और नियोक्ताओं-श्रमिक संगठनों के साथ नियमित बैठकों की भी जानकारी दी गई।

**रन फॉर स्वदेशी** | स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होगा कार्यक्रम

# युवा सशक्तिकरण और आत्मविश्वास का जन-जागरण अभियान : प्रो . सिंह



**अनूपपुर, नवभारत 30 दिसंबर।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम के क्रियान्वयन के निर्देशों के तहत राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में सोमवार को एक वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वदेशी शोध संस्थान के राष्ट्रीय सचिव एवं स्वदेशी जागरण मंच की केंद्रीय संचालन समिति के सदस्य डीन प्रो. विकास सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नॉर्वे के प्रो. मोहन कोल्हे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सत्य प्रिया सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. विकास सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल आयोजन न रहकर युवाओं में स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रनिर्माण का व्यापक अभियान बने। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती, 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम युवा सशक्तिकरण, अनुशासन और आत्मविश्वास का जन-जागरण अभियान बनकर उभरेगा।

### युवाओं को मिलेगा प्रमाणपत्र

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र के साथ 10 क्रेडिट अंक भी दिए जाएंगे। साथ ही अपने विषय की विशेषज्ञता के आधार पर युवाओं को स्टार्टअप एवं इनोवेशन को अपनाने हेतु बुक चैप्टर आमंत्रित किए गए हैं। 500 बेहतरीन चैप्टर्स को शामिल कर पांच क्षेत्रों में स्वदेशी स्टार्टअप एनसाइक्लोपीडिया प्रकाशित की जाएगी।

### विदेशों में भी होगा आयोजन : प्रो . कोल्हे

नॉर्वे की यूनिवर्सिटी ऑफ अग्दर में हाइड्रोजन ऊर्जा वैज्ञानिक एवं स्वदेशी शोध संस्थान के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक प्रो. मोहन कोल्हे ने कहा कि विदेशों में पढ़ने वाले एनआरआई छात्र भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के 1100 विश्वविद्यालयों, 50 हजार महाविद्यालयों और इंजीनियरिंग संस्थानों को इस अभियान को भारत की बेरोजगारी मिटाने का ब्रह्मास्त्र बनाना चाहिए।

### युवा किसान भी होंगे शामिल : डॉ . सत्यप्रिया

कार्यक्रम के विशेष अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सत्यप्रिया ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र और किसान संगठन भी रन फॉर स्वदेशी का हिस्सा बनेंगे। कृषि आधारित उद्यमिता और स्थानीय संसाधनों के वैल्यू एडिशन से युवाओं की आय तीन गुना करने दिशा में प्रतियोगिताएं और तकनीकी प्रकाशन कराए जाएंगे। प्रो. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मंचों से स्वदेशी को विकसित भारत का मूलमंत्र बताया है। हर घर में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग तथा मेड इन इंडिया विनिर्माण को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना ही इस अभियान का लक्ष्य है।